भारत सरकार

रक्षा मंत्रालय

सैन्य कार्य विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3885

11 अगस्त, 2023 को उत्तर के लिए

सैनिकों के राशन में श्रीअन्न आटा

3885. श्री वी.के.श्रीकंदन:

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सेना का सैनिकों के राशन में श्रीअन्न आटा शामिल करने का विचारहै;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या कुछ वर्ष पूर्व सादे और पारंपरिक अनाज को बंद कर उसकी जगह गेहूं के आटे को शुरू कर दिया गया था और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सेना को वर्तमान वित्त वर्ष 2023-24 के बाद से सैन्य दलों के लिए राशन में अनाज की अधिकृत पात्रता का 25 प्रतिशततक श्रीअन्न आटा खरीदने की अनुमति दी जाएगी; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

उत्तर

रक्षामंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अजय भट्ट)

(क) और(ख) : जी, हां । 'अंतर्राष्ट्रीय श्रीअन्न वर्ष - 2023 ' के दौरान भारतीय श्रीअन्न को बढ़ावा देने की भारत सरकार की पहल के अनुसार , सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष के दौरान राशनप्राप्त करने के लिए सैन्य सेवा कोर पर आश्रित सभी श्रेणी के कार्मिकों की मौजूदा राशन मात्रा में प्राधिकृत आटा/चावल के 25 प्रतिशत तक श्रीअन्न आटा (क्रमशः 10 :10:5 के अनुपात में बाजरा/ज्वार/रागी) जारी करने के लिए मंजूरी 26 मई, 2023 को प्रदान की है ।

(ग): किसी सैनिक की अन्न संबंधी मांग उस व्यक्ति के ड्यूटी के स्थान, पसंद, सैन्य टुकड़ियों के स्वाद और उस वस्तु की उपलब्धता के आधार पर कैलोरी संबंधी जरूरत के अनुसार होती है । सैन्य टुकड़ियों द्वारा राशन एवं आपूर्तिकी मात्रा, 1967 के अनुसार आटा एवं चावल के एवज में स्वदेशी अनाजों की मांग की गई थी । तथापि, 9000 फीट से अधिक

ऊंचाई पर तैनात सैन्य टुकड़ियों के लिए इन मदों के लिए इस राशन की मात्रा को वर्ष 1972 में और तदोपरांत शांति बहाली और फील्ड में तैनात सभी सैन्य टुकड़ियों के लिएबंद कर दिया गया था ।

(घ) और (ङ): सरकार की विशिष्ट स्वीकृति के आधार पर थलसेना नेचालू वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान राशन प्राप्त करने के लिएसैन्य सेवा कोर पर आश्रित सभी श्रेणी के कार्मिकों की मौजूदा राशन मात्रा में प्राधिकृत आटा/चावल के 25 प्रतिशत तक श्रीअन्न आटा की खरीद पहले ही शुरू कर दी है । अब तक, 1,162 मीट्रिक टन श्रीअन्न आटा की खरीद की जा चुकी है ।

*****